पाक्षिक

खबर आस पास RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : मंगलवार 06 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

राजस्थान पुलिस में 438 महिला कॉन्स्टेबल की नई पारी :

देश और जनसेवा की शपथ ली, डीजीपी ने बढ़ाया हौसला

जयपुर कासं। राजस्थान पुलिस में 438 महिला कॉन्स्टेबल ने देश और जनसेवा की शपथ लेकर अपनी नई जिम्मेदारी की शुरुआत की। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अधिकारियों ने नव नियुक्त महिला कॉन्स्टेबल को पुलिस सेवा की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस दौरान ष्ठतक्कने उनका हौसला बढ़ाते हुए कर्तव्य और जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

सोमवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में नव-प्रशिक्षित महिला कॉन्स्टेबल के बैच-102 का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित हुआ। पासिंग आउट परेड में प्रदेश के अलग-अलग शहरों, गांवों और ढाणियों से आई 438 महिला कॉन्स्टेबल ने देश और जनसेवा की शपथ ली। मार्च पास्ट के दौरान परिजनों ने तालियों और भावुक पलों के बीच बेटियों का स्वागत किया।

डीजीपी की सीख- थकें तो परिवार का गर्व याद करना

डीजीपी ने नव प्रशिक्षित कॉन्स्टेबलों से कहा कि जब कभी ड्यूटी के दौरान थकान या निराशा महसूस हो तो आज के दिन अपने परिवार के चेहरों पर दिखाई दे रहे गर्व और खुशी को याद करें। यही भाव उन्हें कर्तव्य पथ की कठिनाइयों से आगे बढ़ने की प्रेरणा



'यह सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी की नई शुरुआत'

मुख्य अतिथि डीजीपी राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने परेड का निरीक्षण किया। एडीजीपी और आरपीए निदेशक संजीव कुमार नरजरी ने नव-प्रशिक्षित कॉन्स्टेबलों को शपथ दिलाई। डीजीपी ने कहा कि पुलिस की वर्दी को केवल फोर्स नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सच्ची सेवा के रूप में देखें। दीक्षांत प्रशिक्षण का अंत नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, अनुशासन और उत्तरदायित्व की नई शुरुआत है।



नए मॉडल सिलेबस से बदली प्रशिक्षण व्यवस्था

डीजीपी ने बताया कि गृह मंत्रालय के नए मॉडल सिलेबस के अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया है। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आमजन के प्रति अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनाना है। उन्होंने नए आपराधिक कानूनों का गहन अध्ययन करने और पुलिस अनुसंधान में डिजिटल साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग करने की सीख दी।

नशा, ड्रोन तस्करी और डीपफेक जैसी चुनौतियां

डीजीपी ने कहा कि पुलिस के सामने मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा पार से ड्रोन के जरिए तस्करी, अवैध हथियार, संगठित अपराध और सोशल मीडिया पर फैलने वाली फर्जी खबरें व डीपफेक जैसी नई चुनौतियां हैं। इनसे निपटने में जनता का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है।

उन्होंने कालिका यूनिट का उदाहरण देते हुए कहा कि पुलिस बल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से कानून व्यवस्था, आसूचना संग्रह और सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूती मिली है। महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी से महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है।

पुलिस थानों को बनाएं 'सेवा केंद्र'

डीजीपी राजीव कुमार ने कहा कि पुलिस थानों को केवल कार्यालय की तरह नहीं, बल्कि 'सेवा केंद्र' के रूप में विकसित किया जाए। नागरिकों की शिकायतें संवेदनशीलता से सुनी जाएं और बुजुर्गों, दिव्यांगों, गरीबों व महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए। शिकायत पर हुई कार्रवाई की प्रगति से पीड़ितों को समय-समय पर अवगत कराया जाए। उन्होंने महिला कॉन्स्टेबलों से दृढ़ता, आत्मविश्वास और व्यावसायिक दक्षता के साथ चुनौतियों का सामना करने तथा नियमित व्यायाम की आदत बनाए रखने का आह्वान किया।

सीएम बोले-100 दिन में शहरों की सूरत बदलें, आय बढ़ाएं

मेयर, सभापति और चेयरमैन से कहा- जनता ने शहरी सरकारें बनाई, परिवर्तन का अहसास होना चाहिए



जयपुर कासं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के निकाय प्रमुखों से कहा- सभी 100 दिन में शहरों की सूरत बदलें। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सीएमआर में नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित महापौर, सभापति और अध्यक्षों के साथ शहरों के विकास और व्यवस्थाओं को लेकर 100 दिन के रोडमैप पर संवाद किया। उन्होंने कहा- जनता ने विकास के लिए शहरी सरकारें बनाई हैं, इसलिए जनता को परिवर्तन का अहसास होना ही चाहिए।

इस दौरान उन्होंने दीपावली से पहले शहरों की सफाई, सड़क, बिजली, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, नालियों, रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण से जुड़े सभी कार्य एक महीने में पूरा करने के निर्देश दिए। संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के 10 नगर निगम के मेयर जयपुर में सीएमआर में मौजूद रहे। वहीं उप महापौर, सभापति, उप सभापति, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वीसी से जुड़े।

निकाय अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें

सीएम भजनलाल शर्मा ने सभी निकाय प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे कुशल वित्त प्रबंधन पर विशेष जोर देकर अपनी नगरीय निकाय की आर्थिक स्थिति मजबूत करें और आय बढ़ाएं। साथ ही निकाय प्रमुख पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं। मुख्यमंत्री ने पार्षदों से वार्ड की सीमाओं से ऊपर उठकर शहर के विकास की सामूहिक सोच के साथ काम करने का आह्वान किया।

प्लानिंग वार्डवार नहीं, शहर को ध्यान रखकर हो

सीएम ने कहा- सड़क, सीवरेज और अन्य सुविधाओं की प्लानिंग वार्डवार नहीं, बल्कि शहर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर होनी चाहिए। उन्होंने निकायों के लिए चरणबद्ध विकास योजना की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

'चुनाव आयोग ने कानून तोड़ा तो फैसले रोक देंगे'

सीजेआई बोले- फॉर्म 6 में बदलाव को मंजूरी नहीं दी; ईसी ने कहा था- इजाजत मिली

नई दिल्ली एजेन्सी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की याचिका पर सुनवाई की। उन पर SIR से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है।

अदालत ने उन्हें निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से तो इनकार किया, लेकिन चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान CJI सूर्यकांत ने कहा- Form-6 में किसी संशोधन को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी नहीं दी है। इसके कुछ घंटे बाद चुनाव आयोग ने कहा कि 24 जून, 2025 के बिहार SIR आदेश के दौरान फॉर्म 6 के साथ एक घोषणा जोड़ी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई के अपने आदेश में इसे सही ठहराया था।



9 दिन पहले भी चुनाव आयोग ने प्रेस नोट में कहा था कि SIR के लिए Form-6 के साथ लगाए गए डिक्लेरेशन को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिली है।

सुप्रीम कोर्ट की 4 बड़ी बातें: कार्रवाई के पहले जवाब जरूरी

1. **अखबार की खबर के आधार पर आदेश नहीं दे सकते:** CJI सूर्यकांत ने कहा कि कोई खबर 100% सही, आंशिक रूप से सही या गलत हो सकती है। इसलिए सिर्फ मीडिया रिपोर्ट के आधार पर ष्टश्वष्ट को सस्पेंड करने का अंतरिम आदेश नहीं दिया जा सकता। पहले चुनाव आयोग का जवाब और रिकॉर्ड देखना होगा।
2. **फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से होने चाहिए:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिए। यानी तीन सदस्यीय आयोग में किसी एक सदस्य का अकेले फैसला पूरे आयोग का फैसला नहीं माना जा सकता।
3. **अभी यह नहीं मान सकते कि सारे फैसले CEC ने अकेले लिए:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले रिकॉर्ड देखना होगा। सिर्फ आरोप के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि सभी फैसले CEC ने अकेले लिए थे।
4. **रिकॉर्ड से एकतरफा फैसला साबित हुआ तो कार्रवाई संभव:** सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि अगर रिकॉर्ड से पता चलता है कि कोई फैसला जरूरी प्रक्रिया के बिना लिया गया था, तो उस पर रोक लगाने पर विचार किया जा सकता है।

जयपुर में 50 से ज्यादा मकानों-दुकानों पर चला बुलडोजर

जयपुर कासं। जयपुर विकास प्राधिकरण ने सोमवार को न्यू सांगानेर रोड पर 50 से ज्यादा मकान-दुकानों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। गुर्जर की थड़ी चौराहे से सोडाला तिराहे तक करीब 3 किमी एरिया में कुल 260 अवैध निर्माण हटाए जाने हैं।

यह सड़क 100 फीट चौड़ी है, लेकिन काफी जगह अवैध निर्माण के कारण इसकी चौड़ाई 40 से 60 फीट तक ही रह गई है। आज गुर्जर की थड़ी चौराहे से लजीज रेस्टोरेंट तक 1 किमी में सड़क सीमा में आ रहे रैम्प, रेलिंग, फुटपाथ, टिनशेड, सीढ़ियां और बाउंड्री वॉल को तोड़ा गया। इस दौरान जब एक दुकान की टिनशेड पर बुलडोजर चलाया गया तो व्यापारी बार-बार कहने के बावजूद अंदर ही खड़ा रहा।



दरअसल, राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस पूरी सड़क को 100 फीट करने की तैयारी की जा रही है। जेडीए 6 अक्टूबर को कोर्ट में कार्रवाई की पालना रिपोर्ट पेश करेगा।

रास्ता बंद किया, ट्रैफिक डायवर्ट

जेडीए की कार्रवाई के दौरान पुलिस का जाब्ता मौके पर तैनात रहा। गुर्जर की थड़ी से न्यू सांगानेर रोड पर संजीवनी हॉस्पिटल की तरफ रास्ता बंद किया गया। ट्रैफिक भी डायवर्ट किया है। जो अवैध निर्माण हटाए गए, उन्हें जेडीए की ओर से पहले ही नोटिस दिया चुका था। इस बीच व्यापारी भी अपने स्तर पर ही अवैध निर्माण हटाते और दुकानें खाली करते नजर आए। व्यापारियों का कहना है कि त्योहार के समय इस तरह की कार्रवाई से उनके कारोबार पर असर पड़ेगा। उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो सकता है।

3605 पंचायतों में चुनाव की तारीख बदलने की तैयारी

6 नवंबर को धनतेरस; राज्य निर्वाचन आयुक्त बोले- कैलेंडर बनाते समय इसका ध्यान नहीं रखा

जयपुर कासं। राजस्थान में 3605 पंचायतों में 6 नवंबर (धनतेरस) को होने वाली वोटिंग की तारीख बदलने की तैयारी की जा रही है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने धनतेरस को वोटिंग टालने के संकेत दिए हैं। हालांकि अभी फाइनल फैसला होना बाकी है। धनतेरस का पर्व बड़ा होने के कारण इस दिन वोटिंग टालने के लिए कई नेता और संगठन मांग कर रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा- धनतेरस के दिन सरकारी छुट्टी नहीं है। हम लोगों ने जब चुनाव कैलेंडर बनाया तो उस समय तो इस बात को ध्यान में नहीं रखा गया। धनतेरस को बाजार में खरीदारी के बाद शाम को पूजा होती है। मतदान में ज्यादा समय भी नहीं लगता है।



उन्होंने कहा- मैं यह देख रहा हूं कि आम जनता में धनतेरस के दिन वोटिंग को लेकर थोड़ी प्रतिक्रिया है। जो लोगों की आस्था-श्रद्धा है, त्यौहार है, धार्मिक भावना है, उसे देखकर हम विचार कर रहे हैं और सोच रहे हैं कि इसे कैसे ठीक किया जाए।

4 चरणों में होंगे पंचायती राज चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने 3 अक्टूबर को सरपंचों के चुनाव 4 चरण में करवाने के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इसके अनुसार- पहले चरण में 25 अक्टूबर, दूसरे चरण में 31 अक्टूबर, तीसरे चरण में 6 नवंबर और चौथे चरण में 16 नवंबर को वोटिंग होनी है। तीसरे चरण में 3605 ग्राम पंचायतों में वोटिंग होगी और उस दिन धनतेरस है, जिसे अब बदलने की तैयारी चल रही है।

पहले भी बदलते रहे हैं चुनाव कार्यक्रम

राज्य निर्वाचवन आयोग स्थानीय पर्वों को देखते हुए पहले भी कई बार चुनाव कायर्क्रम बदलता रहा है। निकाय चुनाव के दौरान झुंझुनूं जिले की नगरपालिकाओं का चुनाव कार्यक्रम बदला गया था। पहले फेज वाली नगरपालिकाओं के चुनाव दूसरे फेज में और दूसरे फेज वाले चुनाव पहले फेज में किए गए थे।

पीएम मोदी ने स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन को गुलमर्ग, कोणार्क और येऊर चीज किए भेंट

नयी दिल्ली, एजेन्सी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन को भारत के तीन विशेष चीज-गुलमर्ग, कोणार्क और येऊर तथा कश्मीरी अखरोट की लकड़ी का हाथ से नक्काशी किया हुआ दीवार पैनल भेंट किया। इन उपहारों के जरिए भारत में चीज बनाने और हस्तशिल्प की समृद्ध एवं लगातार विकसित हो रही परंपराओं को प्रदर्शित किया गया। पार्मेलिन ने भारत की तीन दिवसीय यात्रा सोमवार से शुरू की। यह उनकी भारत की पहली राजकीय यात्रा है और इस वर्ष उनकी दूसरी भारत यात्रा है। इससे पहले वह फरवरी में एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने भारत आए थे। फ्रांसीसी शैली का चीज गुलमर्ग, पाश्चरीकृत गाय के दूध से बना दिल के आकार का मुलायम और क्रीमी ब्री चीज है।



इसकी बाहरी परत बर्फ जैसी सफेद होती है और इसमें मिट्टी एवं मशरूम जैसी खुशबू होती है। इसे अंतरराष्ट्रीय चीज और डेयरी उत्पाद प्रतियोगिता '2026 मुंडियल दो क्वेजो दो ब्राजील' में 'सुपर गोल्ड' पुरस्कार मिला था। कोणार्क फ्रांसीसी 'टॉम-स्टाईल' चीज है, जिसकी प्राकृतिक बाहरी परत खुरदरी, बनावट लचीली और स्वाद मिट्टी जैसा तथा नमकीन होता है, जबकि अंत में नींबू जैसा स्वाद आता है।

इसे 2023 में नॉर्वे में आयोजित वर्ल्ड चीज अवॉर्ड्स में स्वर्ण और 2025 में स्विट्जरलैंड में रजत पदक मिला था। येऊर स्विस ग्रुइयेर से प्रेरित पहाड़ी शैली का चीज है, जिसे मीठे और जड़ी-बूटियों जैसे स्वाद विकसित करने के लिए करीब आठ से नौ महीने तक परिपक्व किया जाता है। गुलाब की पंखुड़ियों और सौंफ से सजाई गई इसकी बाहरी परत इसे विशिष्ट भारतीय पहचान देती है।

स्विट्जरलैंड दुनियाभर में चीज की अपनी विभिन्न किस्मों के लिए प्रसिद्ध है और भारत के इन तीन चीज ने देश में चीज बनाने की अपनी समृद्ध और लगातार विकसित हो रही परंपरा की झलक पेश की। अखरोट की लकड़ी का दीवार पैनल कश्मीर की सदियों पुरानी लकड़ी पर नक्काशी की विरासत को दर्शाता है। उच्च गुणवत्ता वाली हिमालयी अखरोट की लकड़ी से तैयार इस पैनल पर गहरी उभारदार नक्काशी हाथ से की गई है।

इसमें पारंपरिक परिदृश्य, वनस्पतियां, मानव आकृतियां, घोड़े, बग्घियां और ग्रामीण जीवन को दर्शाया गया है। यह पैनल कश्मीर की विशिष्ट कलात्मक परंपराओं को दर्शाता है, जिन्हें स्थानीय और मध्य एशियाई प्रभावों ने आकार दिया है। यह कश्मीरी कारीगरों के कौशल और शिल्पकला का भी सम्मान करता है।

मोदी ने स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति की पत्नी कैरोलीन पार्मेलिन को गुजरात की समृद्ध बुनाई और सजावटी शिल्प परंपराओं को प्रदर्शित करने वाला साडेली डिब्बे में रखा कच्छी शॉल भी भेंट किया। इससे पहले मोदी ने पार्मेलिन के साथ व्यापक बातचीत की, जिसमें भारत-स्विट्जरलैंड संबंधों को और मजबूत करने के नए अवसर तलाशे गए। इसमें खासतौर पर व्यापार और निवेश, आवागमन तथा महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र शामिल रहे।

बेसिक पीजी कॉलेज में सजा रोजगार का महामंच, कॅरिअर कनेक्ट-2026 में उमड़ा प्रतिभागियों का उत्साह

प्रतिष्ठित कंपनियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को परखा, रोजगार एवं करियर के अवसरों से जुड़े युवा



बीकानेर (खबर आस पास)। बेसिक पीजी कॉलेज में सोमवार को विद्यार्थियों के करियर निर्माण एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'Career Connect-2026: Employability & Career Oriented Campus Placement' का आयोजन किया गया। रोजगार एवं करियर उन्मुख इस विशेष आयोजन में विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद करने, अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा रोजगार की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में जेठानन्द व्यास, विधायक, बीकानेर पश्चिम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर यशपाल आहुजा, रजिस्ट्रार, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, भाजपा नेता, हरगोविन्द मित्तल, डिप्टी डायरेक्टर, रोजगार कार्यालय, बीकानेर, प्रकाश व्यास, पार्षद वार्ड 43, बीकानेर नगर निगम, दीपक व्यास, पार्षद वार्ड, बीकानेर नगर निगम तथा अपर्णा आचार्य, पार्षद वार्ड 59, बीकानेर नगर निगम सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामजी व्यास एवं प्राचार्य डॉ. सुरेश पुरोहित ने अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेश पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक कौशल, उद्योग जगत की आवश्यकताओं, कार्यक्षेत्र की अपेक्षाओं एवं बदलते रोजगार बाजार से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद करने तथा चयन प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेने का अवसर मिला। आयोजन के दौरान कौशल परीक्षण, करियर काउंसलिंग, ग्रुप डिस्कशन, व्यक्तिगत साक्षात्कार, रेज्यूमे संबंधी मार्गदर्शन तथा विभिन्न रोजगार अवसरों से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ विभिन्न चयन प्रक्रियाओं में भाग लिया। मुख्य अतिथि जेठानन्द व्यास ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों के लिए केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार के लिए आवश्यक कौशल एवं व्यावहारिक दक्षताओं से भी संपन्न होना जानकारी देते हुए कहा कि रोजगार प्राप्त करने के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ संचार कौशल, आत्मविश्वास और व्यावसायिक दृष्टिकोण भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित सुरेन्द्र सिंह शेखावत, पार्षद प्रकाश व्यास, दीपक व्यास एवं अपर्णा आचार्य ने भी महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के हित में किए जा रहे रोजगारपरक प्रयासों की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए शिक्षण संस्थानों और उद्योग जगत के बीच निरंतर संवाद आवश्यक है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामजी व्यास ने कहा कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगार के लिए तैयार करना भी है। उन्होंने कहा कि Career Connect-2026 इसी सोच का परिणाम है और भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। श्री व्यास ने कहा कि आज के आयोजन ने विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर निकलकर वास्तविक रोजगार जगत को समझने का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न कंपनियों की चयन प्रक्रियाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विशेषज्ञों से करियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, कंपनियों के प्रतिनिधियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रोशनी शर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में 25 कंपनियों ने भाग लिया। विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 250 पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें 400 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इनमें से 90 अभ्यर्थियों का विभिन्न चरणों में चयन हुआ तथा अभ्यर्थियों को रोजगार प्रस्ताव/ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 160 अभ्यर्थियों को अगले चरण की चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। Career Connect-2026 को लेकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद किया और अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप करियर विकल्पों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन उन्हें रोजगार की वास्तविक प्रक्रिया को समझने तथा आत्मविश्वास के साथ चयन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय ने शिक्षा, कौशल और रोजगार के बीच मजबूत सेतु स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया। आयोजन का समापन विद्यार्थियों को निरंतर कौशल विकास, सकारात्मक सोच और उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के संदेश के साथ हुआ।

अजनबियों से सावधान रहें, साइबर ठगी होने पर 1930 पर करें शिकायत

लूणकरणसर (खबर आस पास)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, लूणकरणसर के तत्वावधान में बी.आर. इंग्लिश किड्स स्कूल, लूणकरणसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को साइबर अपराध, अजनबियों से सावधानी तथा बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल सदस्य श्रेयांस बैद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहने के साथ-साथ मोबाइल एवं इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

बैद ने विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देते हुए बताया कि किसी बच्चे के साथ हिंसा, शोषण, बाल विवाह, उत्पीड़न अथवा किसी अन्य संकट की स्थिति में 1098 पर सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की अपील की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेताराम गोदारा, स्टेशन मास्टर, फिरोजपुर पंजाब ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ सुरक्षा एवं जागरूकता को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में अध्यापक बनवारी लाल सारण, रामचंद्र जाखड़, सुमन, आरजू, ललिता एवं धर्मा मैडम सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से कानून की जानकारी प्राप्त कर स्वयं जागरूक बनने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

इंदिरा एकादशी पर 6 अक्टूबर को खाटू श्याम का दिल्ली से मंगाए फूलों से होगा विशेष श्रृंगार

बीकानेर (खबर आस पास)। पितृपक्ष के दौरान आने वाली इंदिरा एकादशी के अवसर पर बीकानेर के जयपुर रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर दिनभर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा तथा दर्शनार्थियों की सुविधा को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने, दर्शन व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंदिर को इस अवसर पर विशेष रूप से सजाया जाएगा। दिल्ली से मंगाए गए विभिन्न प्रकार के फूलों से बाबा श्याम का मनोहारी एवं आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। फूलों की विशेष सजावट के साथ मंदिर में धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण रहेगा। श्रद्धालु दिनभर बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना एवं आराधना कर सकेंगे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के.के. शर्मा ने बताया कि इंदिरा एकादशी का विशेष महत्व है, क्योंकि यह एकादशी पितृपक्ष के दौरान आती है। इस कारण इसका धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की आराधना एवं व्रत करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा इस पुण्य को पितरों को समर्पित करने से पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाती है। उन्होंने बताया कि इंदिरा एकादशी के दिन श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए जल और काले तिल से तर्पण करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत का पुण्य पितरों को समर्पित करने से उन्हें यमलोक की यातनाओं से मुक्ति तथा सद्गति प्राप्त होने की कामना की जाती है। पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए इस दिन विशेष पूजा-अर्चना भी की जाती है। शर्मा ने बताया कि श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य के अनुसार गरीबों, जरूरतमंदों और ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र तथा अन्य आवश्यक सामग्री का दान भी करते हैं। इसके साथ ही भोजन का एक हिस्सा गाय एवं अन्य जीवों को देने की परंपरा भी है। इस प्रकार इंदिरा एकादशी का पर्व केवल व्रत और पूजा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सेवा, दान और जीवों के प्रति करुणा का संदेश भी देता है। पितृपक्ष में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपवास रखते हैं और भगवान श्याम की पूजा-अर्चना के साथ अपने पितरों की आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए प्रार्थना करते हैं।

पांचाली' के मंचन के साथ हुआ तीन दिवसीय 'थार महोत्सव' का शुभारंभ

डॉ. नन्दकिशोर आचार्य की रचना को रोहित बोड़ा के निर्देशन में मिली प्रभावी रंगमंचीय प्रस्तुति



बीकानेर (खबर आस पास)। कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार के सहयोग से आर्टिस्ट संस्था, बीकानेर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'थार महोत्सव' का शुभारंभ रविवार को नरेन्द्र ऑडिटोरियम (नागरी भण्डार) में नाटक 'पांचाली' के मंचन के साथ हुआ। साहित्यकार एवं नाटककार डॉ. नन्दकिशोर आचार्य द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन रोहित बोड़ा ने किया। प्रस्तुति में सपना संचेती ने प्रभावी अभिनय किया। नाटक सेठ तोलाराम बाफना एकेडमी, बीकानेर की प्रस्तुति थी। प्रस्तुति प्रभारी डॉ. पीएस वोहरा रहे, जबकि मंच पार्श्व सहयोग राहुल चावला, त्रिलोक रामावत एवं कपिल स्वामी का रहा।

'पांचाली' का कथ्य

'पांचाली' महाभारत की कथा के परिचित पात्रों के माध्यम से मनुष्य के भीतर चलने वाले प्रतिशोध, अपमान, पीड़ा, आत्मसंघर्ष और क्षमा के द्वंद्व को सामने लाता है। डॉ. नन्दकिशोर आचार्य की यह रचना पौराणिक प्रसंग को वर्तमान मानवीय संवेदनाओं से जोड़ते हुए यह प्रश्न उठाती है कि प्रतिशोध की अग्नि में आखिर जीत किसकी होती है और हार किसकी। नाटक में पांचाली के अनुभवों और उसके अंतर्द्वंद्व के माध्यम से प्रतिशोध की उस यात्रा को सामने रखा गया है, जो अंततः विनाश तक पहुंचती है। युद्ध के बाद प्रतिशोध के परिणामों का बोध और क्षमा की ओर बढ़ता मन नाटक का केंद्रीय भाव बनकर उभरता है। यही कथ्य इसे केवल पौराणिक प्रसंग का मंचन न बनाकर आज के मनुष्य के भीतर चल रहे संघर्ष और समाज के लिए एक सार्थक संदेश में बदल देता है। प्रस्तुति के कथ्य, अभिनय और रंग-संयोजन को दर्शकों ने सराहा। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर रंगमंच एवं साहित्य से जुड़े कलाकारों तथा रंगप्रेमियों की उपस्थिति रही। आर्टिस्ट संस्था के शंकर सेवग ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 6 अक्टूबर को विकास बाहरी द्वारा लिखित नाटक 'खिड़की' का मंचन होगा। इसका निर्देशन विनोद पारीक करेंगे और प्रस्तुति समर्थ थिएटर, बीकानेर की होगी। नाटक का मंचन शाम 7 बजे नरेन्द्र ऑडिटोरियम (नागरी भण्डार) में होगा। प्रवेश निशुल्क रहेगा।

नशा भगाओ -जीवन बचाओ, स्वयं को सुधारो संसार सजाओ

नोखा (खबर आस पास)। अणुव्रत समिति नोखा द्वारा अणुव्रत आंदोलन की गतिविधियों के तहत नशा मुक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं एवं आमजन से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं जीव रक्षा समिति के सचिव रामकिशन डेलू ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को कमजोर करता है। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक जागरूकता और सतत प्रयासों की आवश्यकता बताई। अणुव्रत समिति अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने कहा कि अणुव्रत का उद्देश्य व्यक्ति के जीवन में संयम, सदाचार और नैतिक मूल्यों को मजबूत करना है। नशामुक्त युवा ही स्वस्थ, संस्कारित और सशक्त समाज की नींव बन सकते हैं। छातरस राधिका राठी,एंजेल लाहोटी ,वंशिका बजाज एवं आयुषी भट्टड़ ने नशे के खिलाफ एवं अणुव्रत संबंधी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष हंसराज भूरा,संस्था निदेशक ललित पालीवाल सहित अन्य उपस्थितजनों ने भी नशामुक्ति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार दैया ने किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने नशे से स्वयं दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

भारत विकास परिषद 'मीरा शाखा' द्वारा शाखा स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता हुई



बीकानेर (खबर आस पास)। देशभक्ति के तरन्नुम और सुमधुर स्वरों से सजे एक समारोह में, भारत विकास परिषद 'मीरा शाखा' के तत्वावधान में नोखा रोड स्थित हंसा गेस्ट हाउस में शाखा स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस आयोजन ने उपस्थित सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। शाखा संरक्षिका ऋतु मित्तल जी ने बताया कि प्रतियोगिता में 7 विद्यालय शामिल हुए जिनमे से प्रत्येक विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक हिंदी एवं एक संस्कृत भाषा के माध्यम से अपनी गायन प्रस्तुति दी साथ ही कई विद्यालयों के प्रतिभागियों ने लोकगीत भी प्रस्तुत किए।

दीप प्रज्वलन व वंदना के साथ हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विशिष्ट अतिथि राजेंद्र जोशी, संरक्षिका ऋतु मित्तल, अध्यक्ष हेमा दाधीच, सचिव सुमन यादव तथा निर्णायक दामोदर तंवर एवं नवरतन व्यास द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके तुरंत बाद कुमार नरुल यादव ने सुमधुर स्वर में 'वंदे मातरम्' का गायन कर समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शाखा की कार्यकर्ता वीना जोशी की कथक क्लास की प्रतिभाशाली बालिकाओं–गरिमा व्यास, दिव्या व्यास और हीरल पारिख–द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गणेश वंदना ने सभी का मन मोह लिया।

स्वागत उद्बोधन एवं देशभक्ति का अनूठा माहौल

कार्यक्रम की शुरुआत में शाखा की अध्यक्ष हेमा सिंह दाधीच ने अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि, निर्णायकगणों, शाखा सदस्यों और विभिन्न विद्यालयों से पधारे विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। मंच का कुशल संचालन शाखा सचिव सुमन यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कुल सात विद्यालयों की टीमों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें पहले हिंदी और तत्पश्चात संस्कृत के देशभक्ति गीतों से पूरा सभागार गूँज उठा। इसके अलावा, 2-3 विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी लोकगीतों ने उपस्थित सभी लोगों को अपनी लोक संस्कृति से जोड़ते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया।

निष्पक्ष मूल्यांकन और परिणामों की घोषणा

शाखा की संरक्षिका श्रीमती ऋतु मित्तल ने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निर्णायकों के नाम पहले घोषित नहीं किए जाते और परिणाम आने के बाद ही इन्हें सार्वजनिक किया जाता है। उन्होंने निर्णायक मंडल का परिचय देते हुए बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। प्रांतीय महिला सहभागिता संयोजिका छवि गुप्ता ने परिणामों की घोषणा की और बच्चों को अपना स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान किया।

प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी

- ⏭ प्रथम स्थान नालंदा स्कूल
- ⏭ द्वितीय स्थान बीकेवी महारानी स्कूल
- ⏭ तृतीय स्थान एचपी मोदी स्कूल

चतुर्थ स्थान (विशेष पुरस्कार) रियान पब्लिक स्कूल (बच्चों की सभी प्रस्तुतियां सराहनीय होने के कारण विशेष पुरस्कार के लिए चुना गया)। प्रतियोगिता के पश्चात सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र, पदक (मेडल) और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य राजेंद्र जोशी तथा निर्णायक नवरतन जोशी व दामोदर तंवर को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। निर्णायकगणों ने बच्चों को संगीत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और मूल्यांकन प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला कार्यकर्ताओं- विजयश्री गुप्ता, कविता कटारिया, रेणु कच्छावा, मंजू यादव, रेखा गुप्ता, वीना जोशी और कुमार नरुल यादव (पुत्र सुमन यादव) ने सक्रिय योगदान दिया। साथ ही, रेणु जोशी का विशेष सहयोग रहा।

पंचायतीराज चुनावों को लेकर देहात कांग्रेस ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

बीकानेर (खबर आस पास)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पंचायतीराज चुनाव 2026 को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी देहात, बीकानेर ने संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए जिले की सभी 41 जिला परिषद वार्डों तथा उनके अंतर्गत आने वाले पंचायत समिति वार्डों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार वार्ड 1 एवं 2 की जिम्मेदारी डॉ. प्रीति मेघवाल, वार्ड 3, 4 एवं 5 की प्रेम प्रकाश सारण, वार्ड 6 की रूपाराम मेघवाल तथा वार्ड 7, 8 एवं 9 की जिम्मेदारी मोहनदान चारण को दी गई है। इसी प्रकार वार्ड 10 एवं 11 के पर्यवेक्षक रामचन्द्र भाम्भू वार्ड 12 के भंवरलाल सारण, वार्ड 13 के केदारमल कठातला, वार्ड 14, 15 एवं 16 के कोडाराम भादू तथा वार्ड 17, 18 एवं 19 के पर्यवेक्षक रामदेव मूंड होंगे।

वार्ड 20 एवं 21 की जिम्मेदारी गुमानाराम जाखड़, वार्ड 22 की मो. अकरम, वार्ड 23 एवं 24 की ओमप्रकाश शर्मा तथा वार्ड 25 की जिम्मेदारी हरीश गोदारा को सौंपी गई है। वहीं वार्ड 26 एवं 27 के पर्यवेक्षक सतू खां पड़िहार, वार्ड 28 एवं 29 के नोपाराम जाखड़, वार्ड 30, 31, 32, 33 एवं 34 के बृजलाल गोदारा, वार्ड 35 एवं 36 के सोहन महिया, वार्ड 37 एवं 38 के राधेश्याम सिद्ध तथा वार्ड 39, 40 एवं 41 की जिम्मेदारी ओमप्रकाश मेघवाल को दी गई है। नवनियुक्त पर्यवेक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन करने वाले संभावित उम्मीदवारों का सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पर्यवेक्षक क्षेत्र में पार्टी की स्थिति, कार्यकर्ताओं एवं आमजन के बीच उम्मीदवार की पकड़, जनसमर्थन तथा चुनाव जीतने की संभावनाओं का आकलन कर जीताऊ उम्मीदवारों की रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी देहात की ओर से स्पष्ट किया गया है कि प्रत्याशियों के चयन में जमीनी स्तर पर सर्वे और कार्यकर्ताओं की राय को महत्वपूर्ण आधार बनाया जाएगा। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर मजबूत एवं जीताऊ उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। सभी नवनियुक्त पर्यवेक्षकों से अपेक्षा है कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

नाथूसर की राधे कृष्ण गौशाला में भामाशाहों द्वारा टीन शेड का निर्माण करवाया

नाथूसर (खबर आस पास)। रोटरी क्लब की प्रेरणा से नाथूसर की राधे कृष्ण गोशाला में भामाशाहों द्वारा टीन शेड का निर्माण करवाया गया, जिसका लोकार्पण रविवार की शाम को किया गया। तीजा देवी पत्नी जगन्नाथ दमानी की स्मृति में उनके पुत्र डूंगरमल दमानी द्वारा व मैना देवी पत्नी रामलाल चांडक की स्मृति में उनके पुत्र मालचंद चांडक जांगलू वाले द्वारा टीन शेड का निर्माण करवाया। इस अवसर पर किशोर दमानी, ललित दमानी, राजेश दमानी,दिव्यांश दमानी,शिव दमानी,मनीष दमानी, बजरंग लाल चांडक, मदन लाल चांडक, मूलचंद चांडक ,विनोद चांडक राधे कृष्ण गोशाला गांव नाथूसर तहसील नोखा के प्रबंधक भंवरसिंह, सुरेंद्र हीरावत, राजकुमार झंवर, मुरलीधर पारीक, अशोक तिवारी, नाथूसर गांव के सरपंच बजरंग सिंह, ईश्वर चंद दूगड़, राजेश अग्रवाल, रामगोपाल चांडक,नारायण जोशी, अनिल जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। भंवर सिंह ने बताया कि करीब नौ सौ से अधिक गोवंश यहां हैं, जिन्हे आवारा श्वान द्वारा घायल किए गए हिरण व गोवंश की देखभाल भी यहां की जाती है।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 3 नाल बीकानेर के विद्यार्थियों ने बास्केटबॉल में फहराए सफलता के परचम

नाल (खबर आस पास)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 नाल बीकानेर के विद्यार्थियों ने केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलों में जयपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए -14 बालक एवं -14 बालिका दोनों वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप सिंह राजपुरोहित ने बताया कि विद्यालय के पूर्व खेल शिक्षक राजीव चौधरी और कोच अजय भादू के निर्देशन में विद्यालय के विद्यार्थियों ने आईआईटी कानपुर में आयोजित किए गए केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बास्केटबॉल -14 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में रजत पदक के साथ - 17 आयु वर्ग के बालिका वर्ग में माही मुस्कान, खुशी सांखला और अमिता जाट ने जयपुर संभाग की टीम में प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक प्राप्त किया है। बास्केटबॉल - 17 बालक वर्ग में विद्यालय के मानव कुमार , देवराज और अभिनव कुमार ने जयपुर संभाग की टीम में खेलते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता की। इसके साथ ही विद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर 19 रजत पदक प्राप्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्यालय वायुसेना नाल के विद्यार्थी गत वर्षों में भी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करके विद्यालय का गौरव बढ़ाते रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एयर कमोडोर अमित कुमार बुधवार ने भी विद्यालय की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया और शुभकामनाएं प्रदान की।